# मार्च तक प्रदेश की जीडीपी 32 लाख करोड़, 2 करोड़ को रोजगार : योगी

## सीएम ने अर्थव्यवस्था दस खरब डॉलर करने को लेकर की समीक्षा



समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। - स्रोत: सूचना विभाग

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मार्च तक इस वित्त वर्ष में यूपी के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लक्ष्य 32 लाख करोड़ का है। इसे हासिल करने के लिए वैश्विक निवेशक सम्मेलन में हुए 40 लाख करोड़ के समझौतों की भूमिका अहम है। इनके जरिए प्रदेश में दो करोड़ नए रोजगार पैदा होंगे।

शुक्रवार को दस खरब डालर अर्थव्यवस्था की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश असीमित क्षमताओं का राज्य है। इसी का परिणाम है कि महज चार वर्ष में यूपी की अर्थव्यवस्था दोगुना होने की तरफ बढ़ रही है।

वर्ष 2021-22 में यूपी का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 16.45 लाख करोड़ था। वर्ष 2023-24 में जीडीपी 25.48 लाख करोड़ से ज्यादा हो गई। इस वित्त वर्ष में लक्ष्य 32 लाख करोड़ का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दस खरब डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य पाने के लिए नीति और नियोजन सही है। अब केवल स्पीड तेज करने की जरूरत है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी 10 सेक्टरों के मंत्रियों और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ कामकाज की समीक्षा की। कंसल्टिंग एजेंसी डेलॉयट इंडिया ने प्रदेश के आर्थिक परिवेश की जानकारी दी। सीएम ने कहा कि हर विभाग बड़े सुधार के लिए तैयार रहे। निर्देश दिए कि दस खरब डालर अर्थव्यवस्था के लिए हर विभाग में एक नोडल अधिकारी होगा। प्रमुख सचिव और विभागीय मंत्री लक्ष्य की 15 दिन में समीक्षा करेंगे। ब्यूरो >> आवंटित होने के बावजूद खाली जमीन चिह्नित करें : पेज 2

### विकास को रफ्तार देने के लिए जवाबदेही तय

- निवेश और भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले में अनावश्यक देरी पर डीएम की जवाबदेही।
- हार्टिकल्चर में प्रति ब्लॉक-वन क्रॉप जैसे कार्यक्रम चलाए जाएंगे।
- जल्द आएगी एआई, ड्रोन पॉलिसी
- स्टार्टअप पंजीकरण के लिए कानपुर, नोएडा में आफिस बनेगा।
- एप्रूवल समयबद्ध होगा। तय समय के बाद एप्रूवल डीम्ड माना जाएगा।
- लखनऊ में एआई सिटी के लिए शीघ्र शुरू होगा काम।